

02 साइकिल यात्रा का पलवल में किया स्वागत

# आज समाज

www.aajsamaaj.com



04 भगवान के नाम पर की गई सेवा योग बन जाती है: स्वामी

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, सोमवार, 23 मई 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी, मूल्य 2.00 रुपए


# अग्रवाल महाविद्यालय में पूर्व छात्र-छात्राओं के मिलन समारोह का किया आयोजन




कार्यक्रम के उपरांत अतिथि और विद्यार्थी एक साथ एक समूह में। आज समाज

## सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की पूर्व छात्र मिलन संगठन के द्वारा पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व छात्र (सीए) कैलाश चंद गुप्ता व पूर्व छात्र (सीए) प्रदीप बंसल रहे। पूर्व छात्र मिलन संगठन अध्यक्ष व मार्गदर्शक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

पूर्व छात्र-छात्राओं के मिलन समारोह में महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया जो कि समाज को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने अपने संबोधन में सभी एलुमनाई को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वो सभी संस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है और जिस प्रकार से आप अपने ज्ञान, विकास, विवेक, शिक्षा, कौशल से महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं; यह गर्व की बात है। जीवन में फेल होना बड़ी बात नहीं अपनी कमजोरियों को अपनी ताकत बना कर जीवन पथ पर चलने की सलाह दी। डॉ केएल कौशिक ने महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया।

कैलाश चंद गुप्ता जी ने अपने संबोधन से इस मिलन समारोह के आयोजन के लिए बधाई दी उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से यादें पुनर्जीवित हो गई। इस अवसर पर (सीए) प्रदीप बंसल ने भी अपने विचारों से अवगत कराते हुए,उपभोक्ता अधिनियम के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर गरीब व मेधावी 9 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान उनके द्वारा की गई। इस अवसर पर कैलाश चंद गुप्ता व प्रदीप बंसल को (एलुमनाई अचीवर अवार्ड्स 2022) से सम्मानित किया गया। (सीए) कैलाश चंद व प्रदीप बंसल अग्रवाल महाविद्यालय से (1976-80) बैच के मेधावी विद्यार्थी रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन का मकसद पुराने पलो और पुराने पलों की मीठी-मीठी यादों व पुराने रिश्तों का एक नया अध्याय शुरू करना है। पूर्व छात्र छात्राओं ने मंच पर अपनी यादों को साझा किया और अपने अनुभवों को बांटा।

इस अवसर पर कमल टंडन ने सभी का धन्यवाद करते हुए सफल कार्यक्रम आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। वहीं स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ जयपाल सिंह, डॉ रामचंद्र, डॉ मनोज शुक्ला, डॉ अशोक कुमार निराला डॉ शोभना गोयल, डॉ रेखा सेन मुख्य रूप से मौजूद रहे। पूर्व छात्र मिलन समारोह में 420 विद्यार्थियों मौजूद रहे।